## खबर संक्षेप

### दीदी के शादी की शॉपिंग करने आया भाई हादसे का शिकार

**उमरिया।** बड़ी बहन के शादी की शॉपिंग करने आया युवक सडक़ हादसे का शिकार हो गया, इस घटना में गुलाब दास पिता बलराम बैगा उम्र 23 निवासी छींकाताल पिनोरा गम्भीर बताया जा रहा है, हालांकि दोपहिया में चचेरा भाई शंकर पिता चाकू बैगा उम्र 21 वर्ष आंशिक रूप से चोटिल है। खबर है कि घायल दोनों युवक उमरिया से बाजार कर वापस घर जा रहे थे, तभी पिपरिया कालरी के पास अचानक मवेशियों का जमघट हाइवे पर आ गया, तभी युवक हादसे का शिकार हुए है। इस घटना के बाद उसी हाइवे मार्ग से 108 वाहन आ रहा था, जिन्होंने बिना देर किए मानवीयता का परिचय देते हुए तत्काल दोनों घायलों को एम्बुलेंस में लिया और जिला अस्पताल लाकर इलाज शुरू कराया है।

### पक्षियों की प्यास बुझाने विधायक ने रखे सकोरे



**शहडोल।** ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जानवरों एवं पशुओं को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने विधायक कार्यालय में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे रखे। विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में हमारे नन्हे प्रकृति-पक्षियों को जल की आवश्यकता होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह छोटा-सा प्रयास किया गया है। यह पहल हम सभी को यह प्रेरणा देती है कि मानव मात्र ही नहीं, प्रकृति के प्रत्येक प्राणी के प्रति संवेदनशील रहना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर अपने घर-आंगन, छत और मोहल्लों में पक्षियों के लिए पानी की छोटी-छोटी व्यवस्थाएँ करें। करुणा का यह भाव ही सच्ची मानवता का परिचायक है। इस अवसर पर युवा टीम के श्री गौरव मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी विधायक कार्यकाल में सकोरे रखे।

### जन अभियान परिषद के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने किया किया श्रमदान



**शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लालपुर के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ग्राम लालपुर के पेटहाई टोला के नौकरिया तालाब में श्रमदान किया गया। श्रमदान कार्य में विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल, लालपुर ग्राम पंचायत के सचिव रामनारायण पांडे, नवांकुर संस्था लोकनाथ नामदेव डॉ. राज पांडे, परामर्श दाता जयप्रकाश काछी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी जामुनी कोल बिमला बैगा गीता वर्मा, सीमा यादव, प्रदीप गुप्ता ओम प्रकाश गुप्ता, निशा विनायक रामकली बैगा राम सफल गुड्डु सिंह शंकर सिंह हनुमान सिंह एवं अन्य ग्राम वासियों ने श्रमदान कार्य में अपनी भूमिका निभाई ।

## अनूपपुर जिला जेल एक बार फिर कैमरे की जद में

# 2 हजार में जेलर, तो 200 में बिका जेल प्रहरी






कैदियों और बंदियो को मानवाधिकार व सुप्रीम कोर्ट के तमाम आदेशों के बाद भी जेल में यातनाएं दी जा रही है, जेल से ही फोन कॉल कर रूपये मंगाये जा रहे हैं और जेलर के आदेश पर प्रहरी दलाल बनकर मिलने आ रहे परिजनों को 2 हजार से लेकर 5 हजार और उससे अधिक शुल्क पर अंदर मिलने, बैठकर खाने सहित घंटो बिताने के सेवाएं देते हैं। प्रहरी के द्वारा जेलर और खुद के नाम पर ली गई रिश्वत और दी गई सुविधा पर हरिभूमि की यह खास रिपोर्ट।




### गेट से शुरू होता है अवैध वसूली का खेल

अनूपपुर जिला जेल में प्रवेश करते ही अवैध वसूली का खेल शुरू हो जाता है, यहां पदस्थ प्रधान आरक्षक, बैच नंबर 107, एम.एस. ठाकुर, जेल में बंद कैदियों से मुलाकात करवाने और व्हीआईपी ट्रीटमेंट दिलवाने के नाम पर परिजनों से हजारों रुपए की मांग करता था। गेट से लेकर जेल के बैरकों और लगभग प्रहरियों तक रिश्वतखोरी की यह चैन बनी हुई है। इस पूरे खेल में वह खुद के लिए भी राशि ऐंठता है और दावा करता है कि यह रकम जेलर साहब के लिए ली जा रही है। अवैध वसूली हाथ में लेने के बाद इसे प्रहरी ने जेलर इंद्रदेव तिवारी तक पहुंचाया और जेल के बंद दरवाजे महज 2200 रूपये अंदर जाने के बाद नियमों को ताक में रखकर जेलर द्वारा खुलवा दिए गए। जेल के अंदर बाहर से भी ज्यादा रोचक नजारा देखने को मिला, जहां रुपए देकर दर्जन भर लोग बंदियों से मिलते नजर आए।

## 5 हजार में 5 नंबर बैरक और व्हीव्हीआईपी ट्रीटमेंट

### जेल प्रशासन और जिला प्रशासन पर उठे सवाल

यह मामला उजागर होते ही जेल प्रशासन और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। आम जनता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि वीडियो सबूत सामने आने के बाद प्रशासन क्या कदम उठाता है और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर क्या सख्त कार्यवाही होती है। इस मामले में शहडोल जेल अधीक्षक भास्कर पांडे ने खुद को किनारे करते हुए कहा कि इस मामले जेल एसपी रीवा वरिष्ठ अधिकारी है, वही आधिकारिक बयान दे सकते है।

### जागरूक महिला ने हरिभूमि से मदद ले भ्रष्टाचार का कराया पर्दाफाश

यह मामला तब उजागर हुआ जब शहडोल जिले के बुढ़ार सरईकांपा की रहने वाली एक महिला, जो अपने पति से मिलने अनूपपुर जिला जेल पहुंची थी, प्रधान आरक्षक एम.एस. ठाकुर द्वारा पैसे मांगने पर सतर्क हो गई। महिला का पति एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में बंद है। महिला के अनुसार, जेल के मुख्य गेट पर मौजूद प्रधान आरक्षक ने उनसे 2000 रुपए जेलर साहब के नाम पर और अतिरिक्त 200 रुपए अपने नाम पर मांगे, महिला ने होशियारी दिखाते हुए घूस लेते समय प्रधान आरक्षक का वीडियो हरिभूमि के गुप्त कैमरे में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ तौर पर प्रधान आरक्षक को पैसे लेते हुए देखा जा सकता है, जिससे जेल प्रशासन में हडक़ंप मच गया है।



### लगातार होती थी पैसों की मांग

यह कोई एक बार की घटना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधान आरक्षक एम.एस. ठाकुर लंबे समय से जेल में मिलने आए सभी परिजनों से इसी तरह से पैसे वसूलता आ रहा है। हर मुलाकात पर कथित तौर पर 'जेलर साहब के नाम' पर मोटी रकम वसूली जाती है। बंदियों तक खाने का समान पहुंचाने से लेकर जेल के अंदर गुटका, तंबाकू और मोबाइल तक की सुविधा उपलब्ध हों रही है, बस आपको शुल्क अदा करना पड़ता है।





### 5 हजार में उपलब्ध होती है जेल में व्हीआईपी ट्रीटमेंट

गुप्त कैमरे में बेहद ही हैरान कर देने वाला वाक्या भी कैद हो गया, जेल में मिलने आए परिजनों से पैसों की मांग कर रहे प्रधान आरक्षक के जेल में कैदियों के लिए 5 हजार रुपये देने पर वीआईपी सुविधा उपलब्ध हो जाती है, जिसके लिए बकायदा कमरा नंबर 5 उपलब्ध कराया जाता है। जहां कैदियों को हर ऐशो आराम, हर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, खाना से लेकर गाना, नहाने से लेकर मनोरंजन, नशे की सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। प्रहरी ने 2000 रुपए इंद्रदेव तिवारी के नाम पर और 200 रुपए अपने लिए कैमरे की जद में लिए, यही नहीं जेलर साहब को रिश्वत की रकम लेने के बाद सफेद लिफाफे में देने की पुष्टि भी की, वहीं जेल में पदस्थ महिला प्रहरी और अन्य प्रहरियों को इसी अवैध वसूली का हिस्सा भी दिया, जेल के अंदर गेट पर महिला प्रहरी से होता हुई यह रकम अन्य प्रहरियों तक भी पहुंची, बड़ी ही सहजता से ठाकुर नाम के प्रहरी ने कैमरे में इस हिस्सा बाँट को स्वीकार करते हुए कहा कि सब स्पष्ट रूप से मिलबांट कर खाते है, भाई साहब बाप बड़ा न भईया, सबसे बड़ा रुपैया..।

इधर इस मामले में अनूपपुर जिला जेल के रिश्वतखोर जेलर इंद्रदेव तिवारी से उनका पक्ष लेने के लिए जेलर अनूपपुर से उनके फोन नंबर 7974148874 पर शाम 7 बजकर 04 मिनट पर संपर्क किया गया ,तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

### बंदियों को धमकाकर फोन कॉल पर घर से मंगाते हैं रूपये

**शहडोल।** संभाग अंतर्गत स्थित जेलों में बंदियों और कैदियों से उनके घरों फोन कॉल करवा कर वसूली की जा रही है, वहीं प्रताडऩा से राहत, अतिरिक्त सुविधा और वीवीआईपी ट्रीटमेंट तक स्पेशल शुल्क लेकर परेशान और सुविधा दी जा रही है। संभाग के अनूपपुर जिला जेल में भ्रष्टाचार का खुलासा हरिभूमि के पास शिकायत आने के बाद किया गया है, यहां कमरा नंबर 5 में 5 हजार में वीआईपी सुविधा, जेल में जेलर इंद्रदेव तिवारी प्रधान आरक्षक के मार्फत कैदियों के परिजनों से खुलेआम वसूलने का वीडियो खूफिय़ा कैमरे में कैद किया गया है, जो संभाग की जेलों में चल रहे इस खुले खेल को उजागर करता है। यहां शासन-प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद भी प्रदेश में भ्रष्टाचार और घूसखोरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। अनूपपुर जिला जेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक पर कैदियों से मिलने आए परिजनों से अवैध रूप से पैसे वसूलने का गंभीर आरोप कैमरे में कैद हुआ है। कथित प्रधान आरक्षक जेलर की जेब भरने के लिए लोगो से जेल में खुलेआम पैसा वसूलता नजर आ रहा है ,इस बात का पूरा खुलासा तब हुआ जब शहडोल जिले के बुढ़ार की रहने वाली जेल में बंद कैदी से मिलने आई तो, सबसे पहले उससे 22 सौ रूपये की मांग की गई, हरिभूमि समाचार पत्र से मदद की मांग की, महिला के मांग पर हरिभूमि ने घूसखोर जेल के प्रधान आरक्षक का पैसा लेने का वीडियो अपने गुप्त कैमरे में कैद कर लिया, जिसमें प्रधान आरक्षक जेलर को 2 हजार रूपये व खुद के लिए दो सौ रूपये लिया, इतना ही नहीं उक्त प्रधान आरक्षक जेल में व्हीआईपी सुविधा दिलाने के नाम पर 5 हजार रुपये की तक डिमांड कर डाली और बताया कि 5 हजार देने के बाद कैदियों को कैसे व्हीआईपी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## कट्टा अड़ा कर 35 सौ रुपए व 400 लीटर डीजल की लूट



**करकेली।** बीती रात्रि एक ट्रक से 400 लीटर डीजल चोरी इसके पूर्व भी एक मामला त्रिपुरारी पेट्रोल पंप के पास खड़े दो टैंकर से भी डीजल चोरी होने का मामला आया था, करकेली क्षेत्र में इन दिनों लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, इसकी मुख्य वजह यह है कि करकेली क्षेत्र में थाना न होना। राधारमण बैरागी आयु 35 वर्ष पिता परमेश्वर दास बैरागी निवासी ग्राम बरही ट्रक चालक बीती रात्रि उत्तर प्रदेश से कोयला खाली कर आया और शांति फिलिंग पेट्रोल डीजल टंकी करकेली में ट्रक खड़ा कर सो गया था, उसे क्या पता था कि रात में उसके साथ लूट होगी, गाड़ी में लगभग 400 लीटर डीजल था, चालक ने बताया मैं गाड़ी में ही सो रहा था, रात्रि करीबन 2 से 3 बजे रात को मुझ पर 4 से 5 लोग कट्टा अड़ा कर मेरी गाड़ी से पूरा डीजल निकाल लिए और 3500 रुपए नगद था वह भी छीन लिए और मेरे से बोले हल्ला किया तो, गोली मार देंगे, जाते समय आपस में बबलू भैया लोढ़ा वाले का नाम ले कर बोल रहे थे जल्दी करो बबलू भैया जल्दी करो, नहीं तो कोई आ जाएगा। जिस वजह से मैं उस समय कुछ नहीं कर सका और सुबह मेरे द्वारा व मेरे मोटर मालिक के द्वारा पता लगाया गया कि बबलू कौन है तो पता लगा कि पुराना अपराधी बबलू लूनिया पुराना डीजल चोर व अपराधी है, चालक ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस थाना नौरोजाबाद में रिपोर्ट दर्ज कर बताइए, गाड़ी चालक ने थाना में उक्त अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग। तीन सप्ताह पहले करकेली के त्रिपुरारी पेट्रोल पंप में दो बल्कर खड़े हुए थे, उनका भी डीजल चोरी हो गया था, करकेली नगर में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में अपने आप में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## अंधेहत्या काण्ड का खुलासा: दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

### हत्या अनूपपुर में, शव गाड़ी में डालकर घुनघुटी में जलाया




**उमरिया।** शनिवार की सुबह घुनघुटी-शहडोल के बीच मदारी ढावे के पास जली हुई कार में मिली लाश की शिनाख्ती जयदीप पिता स्व.रणवीर सिंह उम्र 38 साल निवासी गोहलपुर के रूप में हुई है। दरअसल युवक की हत्या कर आरोपियों ने गाड़ी में शव रखकर पूरी गाड़ी को ही आग के हवाले कर दिया था, इस बात की जानकारी 19 अप्रैल शनिवार को पुलिस को लगी थी, जिसके बाद से ही पूरे मामले की तहकीकात में पुलिस लगी थी। हफ्ते भर के अंदर पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा किया है। प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि इस जघन्य हत्याकांड में तीन आरोपी शामिल थे, जिसमे दो आरोपी दानिश पिता जुम्मन मंसूरी उम्र 20 वर्ष निवासी अनूपपुर एवं अनुराग पिता प्रदीप केशरवानी उम्र 20 वर्ष निवासी अनूपपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरा आरोपी साहिल पिता रहीश मंसूरी उम्र 20 वर्ष निवासी अनूपपुर फिलहाल फरार है, जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 17 को निकला 19 को मिली थी अधजली लाश

जघन्य हत्याकांड का शिकार हुआ मृतक जयदीप सिंह अपने ससुराल में रहता था, घटना दिनांक के दो दिन पहले यानी 17 अप्रैल को घर से बाहर गया था, शाम तक ससुराल पक्ष उनसे बात भी किये है, लेकिन बाद में उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था।बताया जाता है कि इस बीच तीनो आरोपी जो मृतक के दोस्त थे, उसके साथ हो लिए और शराब आदि की पार्टी हुई। इस बीच किसी बात को लेकर इनके बीच कहा सुनी हुई और तीनों ने मिलकर मृतक जयदीप की जान ले ली। जयदीप की मौत के बाद शव को इन आरोपियों ने डिक्की में डाल दिया और अनूपपुर में ही सुनसान जगह पर मृतक के साले संस्कार सिंह की ब्रेज़ा गाड़ी को छोड़ दिया। पुलिस सूत्रों की माने तो हत्या के 8 घण्टे बाद आरोपियों को खुद के फंसने का डर सताने लगा।

### बॉडी समेत गाड़ी को किया था आग के हवाले

साक्ष्य मिटाने की गरज से तीनो आरोपी शव को अनूपपुर से घुनघुटी ले आये और मदारी ढावे के पास हाइवे से 100 मीटर दूर पेट्रोल डालकर आग लगा दिए। बताया यह भी जाता है कि गाड़ी और शव को आग के हवाले करने शातिर आरोपियों ने पेट्रोल टंकी से पेट्रोल भी लिया था। हत्या में शामिल सभी आरोपी इतने शातिर थे कि अनूपपुर और शहडोल के बीच मौजूद टोल से गाड़ी को क्रॉस नही किया, बल्कि दूसरे मार्ग का सहारा लिया है। कुल मिलाकर इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी आरोपी हत्या से जुड़े सभी साक्ष्य मिटाने के प्रयास में थे, लेकिन कहते है पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते है, शायद इसी कहावत को पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा कर चरित्रार्थ किया है। इस जघन्य हत्ताकाण्ड को लेकर आईजी शहडोल ने 30 हजार का इनाम घोषित किया था। प्रकरण के खुलासे में एसडीओपी पाली शिव चरण बोहित के नेतृत्व में थाना प्रभारी पाली मदन लाल मरावी एवं उनकी टीम की भूमिका रही है।

## संभागीय पशु चिकित्सालय में मनाया गया विश्व पशु चिकित्सा दिवस



**शहडोल।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आज संभागीय पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ आर के पाठक के मार्गदर्शन में 78 पेट में निःशुल्क रेबीज का टीकाकरण किया गया तथा 35 पशुओं का विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया गया। पशु चिकित्सकों की उन्नत नस्ल के गौ संवर्धन में भूमिका पर परिचर्चा रखी गई थी, जिसमें सिविल सर्जन डॉ. आर. पी. गुप्ता ने कृत्रिम गर्भाधान ,सार्टड सीमन से कराने तथा पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार प्रजापति ने लोगों को सहकारिता से जुडने का परामर्श दिया । डॉ. राजेश दीवान द्वारा समय के साथ टेक्नोलॉजी को पशु चिकित्सकों को अपनाने की सलाह दी । इस अवसर पर डॉ. विनीत केसरी,डॉ. खुशबू तिवारी, आर.के.तिवारी ,आर.के . द्विवेदी, संतोष पतवार एवं उपस्थिति अधिकारियों ने भी अपने विचार रखें। उपसंचालक डॉ.आर.के . पाठक ने सभी पशु चिकित्सकों को समर्पण भाव से मूक प्राणियों की दवा करने तथा पशुपालकों से मित्रवत व्यवहार का सुझाव देते हुए उत्तरोत्तर उन्नति करने की शुभकामनाएं दीं ।



## शहडोल में सबसे अधिक 16 हजार क्विंटल धान का पता नहीं

# संभाग के जिलों से गायब है 4.88 करोड़ की धान...?



शहडोल। प्रदेश सरकार का धान उपार्जन कार्य जितना व्यापक होता है उतना ही जटिल भी होता है और उसमें स्वार्थी अमला भ्रष्टाचार का जहर भी घोल देता है। प्रति वर्ष होने वाले इस उपार्जन कार्य में हर साल करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जाता है। इस बार तो हद ही हो गई, शहडोल संभाग के तीन जिलों शहडोल, उमरिया और अनूपपुर में 4 करोड़ 88 लाख रुपये की धान गोदाम तक पहुंचते-पहुंचते लापता हो गई। इसके लिए प्रशासन ने लैंप्स समितियों के प्रबंधकों को जिम्मेदार माना है। अकेले शहडोल जिले में ही करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपये कीमत की16,000 क्विंटल धान गायब है।

कहां गई यह हजारों क्विंटल धान इस मामले की गहन छान बीन जरूरी है। हालांकि इस मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने उपायुक्त सहकारिता को पत्राचार कर समिति प्रबंधकों से वसूली की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस बार की उपार्जन प्रक्रिया में धान की तौलाई, खरीदी और परिवहन की प्रक्रिया में असंतोष की स्थिति निर्मित होती रही है।



यहां इतनी धान कम मिली इस वर्ष धान उपार्जन के कार्य में जबर्जस्त लापरवाहियां की गईं हैं। जिसके लिए जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। बताया गया कि शहडोल संभाग के उमरिया में 2,542 क्विंटल और अनूपपुर में 2,710 क्विंटल धान कम पाई गई है। तीनों जिलों में कुल नुकसान,करीब 4 करोड़ 88 लाख रुपये है। शहडोल जिले का हाल देखें तो खरीफ सीजन के दौरान 30 हजार 186 किसानों से 30 लैंप्स समितियों के माध्यम से लगभग 20 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई थी। लेकिन जब इसे गोदाम में पहुँचाया गया तो 20 लाख मीट्रिक टन धान में से करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपये कीमत की16,000 क्विंटल धान कम पाई गई। यह मामला तब प्रकाश में आया जब इस धान को गोदाम में तौलने की बारी आई।



### कहते हैं सूख गई धान

जांच में सामने आया कि एनसीसीएफ (नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन) एजेंसी, जिसे शासन ने इस सीजन के उपार्जन का पायलट प्रोजेक्ट सौंपा था, जिसे उक्त कंपनी द्वारा समय पर धान का परिवहन नहीं किया। नतीजा धान खुले में पड़ी रही, जिससे वह सूख गई और वजन में कमी आ गई। प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, धान खरीदी के 72 घंटे के भीतर उठाव जरूरी है। लेकिन एनसीसीएफ द्वारा देरी की गई, जिसके कारण करोड़ों की धान या तो सूख गयी या फिर खराब हो गई और उसे भण्डारण के योग्य नहीं माना गया। पायलट प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी लेने वाली एजेंसी को भी इस बात के लिए दोषी मानकर उससे वसूली की जानी चाहिए। आखिर धान के उठाव में विलम्ब क्यों किया गया। इस कमी के लिए लैम्प्स प्रबंधकों को जिम्मेदार माना जा रहा है, लेकिन एजेंसी भी कम दोषी दिखाई नहीं पड़ती है।



### राज्य शासन तक पहुंचा मामला

जानकारी मिली है कि प्रशासन अब संबंधित लैंप्स समितियों के प्रबंधकों से वसूली की तैयारी में है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इस लापरवाही के लिए केवल समितियां जिम्मेदार हैं या एनसीसीएफ एजेंसी की देरी पर भी कार्रवाई होगी? किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिलने, और सरकारी अनाज की सुरक्षा में चूक का यह मामला अब राज्य शासन के उच्च स्तर तक पहुँच चुका है। यह घटना सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि कृषक हितों की अनदेखी और सरकारी धन के नुकसान का गंभीर मामला है। समय रहते जवाबदेही तय नहीं हुई, तो आने वाले सीजन में कृषि उपार्जन प्रणाली पर सवाल खड़े होंगे। अब सवाल उठता है कि क्या सिर्फ लैंप्स प्रबंधक ही जिम्मेदार हैं या एनसीसीएफ एजेंसी की देरी पर भी कोई कार्रवाई होगी। उपार्जन प्रक्रिया के अंतर्गत होने वाली इतनी बड़ी क्षति नजरअंदाज करने के योग्य नहीं हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### आरती पत्नी खेलन सिंह को 17 वर्ष बाद कामरेड हरिद्वार सिंह ने कालरी में लगवाई नौकरी



हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। आरती के पति खेलन सिंह की 11 सितंबर 2009 को बीमारी के बाद मौत हो गई थी वे चर्चा कालरी में नौकरी करते थे। 2010 मे खेलन सिंह की पत्नी आरती ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था चार बर्ष बाद तत्कालीन निदेशक कार्मिक ने यह कहते हुए आवेदन ख़ारिज कर दिया कि खेलन सिंह आदतन ड्यूटी से नागा करते थे ऐसी स्थिति में उनको नौकरी देना संभव नहीं है। वर्ष 2022 में कामरेड हरिद्वार सिंह के पास आरती अपने रिश्तेदार के साथ पहुँचकर सारी बात बताई कामरेड हरिद्वार सिंह सारी बात सुनकर एवं उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन कर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम से एक आवेदन आरती की ओर से डलवाया लगातार प्रकरण को आगे बढ़ाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क करते रहे और अंततः आरती जहां चाहती थी हसदेव क्षेत्र के वर्कशॉप बिजुरी मे नौकरी करने लगी। इस प्रकरण मे बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी एन झा निदेशक कार्मिक बिरंची दास परेडा सुधांसु ट्रेड यूनियन के महेश यादव अतुल गुप्ता नवीन खान आदि ने अहम भूमिका निभाई एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा कि देर है अँधेर नहीं ऐसे प्रकरणों को बिना कोर्ट के हल कराने में बेहद ख़ुशी होती है कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा ऐसे दर्जनों प्रकरणों का वे निराकरण कराये हैं किन्तु सुगुडी बाई और आरती का प्रकरण याद रखने लायक़ है यह मज़दूरों की जीत है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को आरोपी ने किया गभर्वती, दुष्कर्म एवं पास्को में मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत 14 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर उत्तर प्रदेश ले जाकर 16 वर्षीय किशोर के द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर गर्भवती किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किशोरी अपनी मां के साथ थाने में नाबालिग आरोपी के खिलाफ अपहरण,रेप एवं पास्को की धारा में मामला दर्ज कराया गया है। किशोरी एवं परिजनों की शिकायत पर धारा 137( 2)96, 64, 64,(2) बीएनस एवं 5,6 पास्को एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस की एक टीम द्वारा नाबालिग आरोपी को उतर प्रदेश से लाकर किशोर न्यायालय में पेश किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि 14 वर्षीय किशोरी जो की घर से बाजार गई थी जिस दौरान 16 वर्षीय किशोर के द्वारा अपहरण कर शादी का झांसा देते हुए उत्तर प्रदेश में ले जाकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाते हुए गर्भवती कर दिया। कोतमा आने पर पूछताछ में मां को पूरी आप बीती बताई । जिसके बाद थाने में मामला दर्ज कराया गया।

## जल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है: सीईओ



### ग्राम पंचायत डोंडक़ा में दिया गया जल संरक्षण का संदेश

उमरिया। जल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जल के बिना मानव का जीवन अधूरा है, इसलिए आवश्यक है कि सभी जन जल की एक एक बूंद को सहेजें, ताकि हमें भविष्य में जल के लिए परेशान नही होना पड़े।

उक्त आशय के विचार सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने ग्राम पंचायत डोंडका के डोंडक़ा नदी में अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जल को संरक्षित करने के लिए अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। नवाचार के तहत बोरी बंधान के माध्यम से जल को संरक्षित करनें का प्रयास किया जा रहा है। यह अभियान निरंतर 30 जून तक संचालित रहेगा। अपनी मिट्टी अपनी जल नवाचार में ग्रामीण जनों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्रामीण जन जल को संरक्षित करनें की दिशा में स्वमेव आगें आकर श्रमदान के कार्यक्रम में भाग ले रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार आयोजित किया जा रहा है। बोरी बंधान होने पर यह पानी पशु पक्षियों सहित ग्रामीण जनों के काम आएगा। सभी ग्रामीण जन जल के महत्व को समझें और अपने स्तर पर भी ग्राम में स्थित नदी, तालाबो, कुओं, बावडिय़ों के आस पास श्रमदान करके जल के स्तर को बढ़ाने में अपनी महती भूमिका अदा करें। इस अवसर पर डोडका नदी में 230 बोरियो का बोरी बंधान किया गया। बोरी बंधान कार्यक्रम में मानपुर के समन्वयक महेन्द्र सिंह तराम , सीएमसीएलडी छात्र-छात्राएं और परामर्शदाता सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण जनों की सहभागिता रही।

## तेज धूप और आकाश से बरस रही आग के कारण लोगों का गर्मी से बुरा हाल

### भीषण गर्मी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस

**कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी और तापमान में बढ़ोतरी से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। माह अप्रैल में ही तापमान वृद्धि 40 डिग्री सेल्सियस रीच जाने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। आकाश से उगल रही सूरज की किरणों ने लोगों को घर में कैद कर दिया है। हालात यह है कि तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण लोग सुबह 11 बजे से ही घर में दुबक जाते हैं। बाजार में दोपहर मे सन्नाटा पसरा रहता है। शाम को पांच बजे के बाद बाजार मे हलचल होती है। तेज़ धूप और गर्म हवाओं के साथ जन जीवन अस्त व्यस्त रहा है। भीषण गर्मी में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चार घंटे तक कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र मे लोगो के लिए पंखा कूलर सहारा बन रहे हैं। नगर मे लोग गर्मी एवं लू से बचाव के लिए ठंडा पेय पदार्थ गन्ना रस लस्सी का सेवन कर रहे हैं।

### नपा ने खोले 2 दर्जन से ज्यादा प्याऊ

अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका एवं सीएमओ के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र के 15 वार्डों में 27 सार्वजनिक स्थानों पर ठन्डे शीतल जल की व्यवस्था की गई है जिससे राहगीरों एवं प्यासे लोगों को पानी के लिए इधर उधर ना भटकना पड़े। अजय सराफ ने बताया कि अप्रैल वैशाख का माह चल रहा है सूर्य की तपन से अत्यधिक गर्मी का एहसास आमजन को हो रहा है, पारा भी 40 डिग्री के पार हो गया है।वैवाहिक लगन, स्कूल कॉलेज, सहित शासकीय कार्यालय हेतु कॉलरी, ग्रामीण क्षेत्र से लोगों का आना जाना रहता है प्यास लगने पर पानी के लिए परेशान ना हो इसलिए जगह-जगह पर मटके मे शीतल जल की व्यवस्था की गई है, नगर के भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड, केंशवाही तिराहा, स्टेशन चौक, टैक्सी स्टैंड, तहसील परिसर,गोविंदा, लहसुई कैम्प, मुखर्जी चौक, सब्जी मंडी के पास सहित अन्य स्थानो पर ठन्डे शीतल जल के साथ प्याऊ की सुविधा बहाल की गई है।



### जरुरतमंदों का रखा गया ख्याल

सीएमओ प्रदीप झरिया ने बताया कि प्याऊ के माध्यम से ऐसे वर्ग को लाभ दिया जाए जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं और वास्तव में जरूरतमंद है उन्हें पानी पिलाने की व्यवस्था सौपी गई है। संचालित प्याऊ स्थल मे बड़े ही स्नेह के साथ पानी पिलाने का कार्य किया जा रहा है।रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में यात्री ट्रेन और बस से आवागमन करते हैं, तब आने-जाने के दौरान कोतमा रेलवे स्टेशन चौक एवं बस स्टैंड में ठंडा शीतल जल प्यासे कंठ को शीतलता प्रदान होती है। नगर पालिका के इस कार्य से लोगों में खुशी देखी जा रही है।



## कैंडल जलाकर मृतक पर्यटक को दी गयी श्रद्धांजलि

**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम भगत सिंह चौक में रखा गया था। जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बजरंगियों के द्वारा काली मंदिर न्यू राजनगर से पुतले को लेकर और रोड़ में चलते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदू का अपमान नहीं सहेगा। हिंदुस्तान एवं तरह-तरह के नारे लगाते हुए भगत सिंह चौक पर पहुंचे। जहां सभी बजरंगियों एवं हिंदू समाज के लोगों ने एकत्रित होकर नारेबाजी किया। फिर सभी लोगों ने आतंकवादियों का पुतला और पाकिस्तानियों का पुतला के ऊपर डंडे चप्पल लात मरते वक्त बजरंगी में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा था। तब जाकर पुतले को जलाया गया। तभी बजरंगी के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवादी मुर्दाबाद एवं हिंदू का अपमान नहीं सहेगा। हिंदुस्तान का नारा जोर-जोर से लगाया गया और उसके बाद सभी लोगों के द्वारा पहलगाम में हुए हमले में मारे गए सभी लोगों को इन सभी के द्वारा पुष्प से श्रद्धांजलि एवं कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रविशंकर शर्मा, बिजुरी के प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष मनोज वैष्णव, प्रखंड संयोजक अखंड प्रताप सिंह, सहसंयोजक गौरव पांडे, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख नीतीश सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख टून्ना नायक एवं प्रीतम तिवारी हनुमान उपाध्याय, अनुज, मनोज, आलोक, प्रशांत, समीर, अजय सिंह रिंटू, अक्षय, अनुराग, चिया, लंबू, आयुष,सनी, माखन, एवं सैकड़ो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता द्वारा कार्यक्रम किया गया।

## जमुना कॉलरी डाकघर : जहां व्यवस्था नहीं, बस अव्यवस्था का डेरा है!

### यहां 100 रूपये में होता नाम सुधार का सौदा

**जमुना/बदरा।** देश डिजिटल इंडिया के सपने बुन रहा है लेकिन जमुना कॉलरी डाकघर आज भी व्यवस्थाओं की कब्रगाह बना बैठा है। यह वह जगह है जहां सरकारी तंत्र की सांसें फूलती हैं ईमानदारी घुटन में दम तोड़ चुकी है और जनता का धैर्य रोज़ पोस्ट ऑफिस की टूटी कुर्सियों पर बैठकर दम तोड़ता है।

### डाकघर या दलालघर

जिस डाकघर में पोस्टल ऑर्डर मिलना चाहिए वहां पोस्टल ऑर्डर की जगह खाली मुठ्ठी मिलती है। चाहे 10 का पोस्टल ऑर्डर चाहिए हो या 100 का यहां आपको मिलता है 'कोरा आश्वासन' और सलाह बाजार से करवा लो! डाक टिकट? अगर चाहिए तो पीछे के रास्ते से आइए, जेब में 10 रखिए और कालाबाजारी की इस सुनियोजित दुकान से मजबूरी में खरीदिए। सरकारी दफ्तर में ब्लैक मार्केटिंग?

### 100 में नाम सुधारने का सौदा!

सरकारी कर्मचारी, जिन्हें सेवा का देवता होना चाहिए था यहां खुलेआम दलाल बन बैठे हैं। नाम सुधारना हो आधार कार्ड से अपडेट कराना हो या कोई अन्य छोटा-मोटा काम 100 खर्चिए, तब जाकर कोई कंप्यूटर ऑपरेटर आपको घास डालेगा। सरकारी दफ्तर में नियम-कानूनों का हँसी-ठिठोली बन गया है और रिश्वत अब मेन्यू कार्ड पर उपलब्ध सेवा बन गई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकारी तंत्र ने अब सेवा शुल्क को सेवा उगाही में बदलने का अनौपचारिक ऐलान कर दिया हो?

### पोस्ट मास्टर या 'ग़ायब मास्टर'?

पोस्ट मास्टर? उनका तो शायद बस नाम भर है, हकीकत में तो रिश्तेदारों की फौज पोस्ट ऑफिस पर कब्जा जमाए बैठी है। कागज़ी पोस्ट मास्टर कहीं और धूप सेक रहे हैं, और उनकी सीट पर अनधिकृत चेहरे जनता को सरकारी सेवाओं का स्वाद चखाते हैं। कानून और नियमों की धज्जियाँ यहां इतनी बार उड़ चुकी हैं कि आसमान अब भी इनकी गंध से बोझिल है। जब प्रधानमंत्री डिजिटल इंडिया का सपना दिखाते हैं तो कल्पना यही होती है कि डाकघर जैसे संस्थान आधुनिकता की मिसाल पेश करेंगे, लेकिन जमुना कॉलोनी पोस्ट ऑफिस तो इस सपने का भद्दा मजाक बन चुका है। यहां डिजिटल तकनीक की चमक-दमक तो दूर, बिजली का बल्ब भी शायद रहम खाकर जलता है। घंटों-घंटों लाइन में लगे लोग, बुझे चेहरे, और टूटती उम्मीदें यही इस डाकघर की पहचान बन चुकी है।




### स्थानीय जनता का फूटा गुस्सा

अगर कोयले की नगरी में भी व्यवस्थाएं इतनी बदतर हैं तो फिर देश के दूरदराज इलाकों का क्या हाल होगा? यही सवाल हर स्थानीय नागरिक के चेहरे पर लिखा दिखता है। स्थानीय निवासियों ने डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। अब सवाल यह नहीं है कि सुधार कब होंगे, सवाल यह है कि आखिर और कितनी पीढ़ियाँ इस व्यवस्था की लापरवाही की बलि चढ़ेंगी?

### क्या कोई सुनेगा कराहती व्यवस्था की चीख?

जमुना कॉलरी पोस्ट ऑफिस एक छोटा सा नमूना है उस बड़ी बीमारी का जिसने आज सरकारी कार्यालयों को भीतर से खोखला कर दिया है। अगर अब भी आंखें नहीं खुलीं तो ये अव्यवस्थाएं धीरे-धीरे पूरे सिस्टम को दीमक की तरह चाट जाएंगी। भारत को डिजिटल बनाने से पहले, भारत के सरकारी कार्यालयों को इंसानी बनाने की सख्त जरूरत है। डाक विभाग के उच्चाधिकारियों से हमारी अपेक्षा है कि वे इस पूरे मामले पर न सिर्फ संज्ञान लें, बल्कि ऐसी कड़ी कार्रवाई करें जो एक नजीर बने। वरना 'डाक' शब्द से भरोसा और सम्मान दोनों उठ जाएगा और रह जाएगी सिर्फ एक फाइल, जो वर्षों तक धूल खाती रहेगी! इस संबंध में जब पुष्पेंद्र सिंह डाक अधीक्षक शहडोल के मोबाइल नंबर 758759 8 352 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो घंटी जाती नहीं उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

### इनका कहना है

जमुना कॉलोनी पोस्ट ऑफिस में पोस्टल आर्डर और टिकट रहना चाहिए अगर वहां पर नहीं है तो उन्होंने मांग किया होगा और वह पुष्पराजगढ़ सब डिवीजन में आता है फिर भी मैं उसे दिखावाता हूं अन्य अव्यवस्थाएं भी दूर की जाएगी।

**आरआर पटेल, इंस्पेक्टर**
**अनूपपुर डाक विभाग**

## खबर संक्षेप

### कतिरा में आयोजित हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान



**शहडोल।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत कतिरा के ग्राम खुशरवाह स्थित चूंदी नदी सिद्ध बाबा आश्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने सहभागिता दी। इस अवसर पर भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर, मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जनपद सदस्य राम प्रसाद पयासी, ग्राम पंचायत कतिरा सरपंच श्रीमती कलावती कोल, अतिरिक्त कार्यक्रम मनोज कुमार मिश्रा, पूर्व सरपंच रोहणी कोल, सचिव संतोष नामदेव, रोजगार सहायक श्रीमती सुमन द्विवेदी सहित अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को



**उमरिया।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता, एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया मोहन डावर की अध्यक्षता में 10 मई 25 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रिसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बैंकों के लंबित प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई। नेशनल लोक अदालत राजीनामा योग्य प्रकरणों जैसे, आपराधिक, सिविल, क्लेम, चेक बाउंस, पारिवारिक मामले सहित नगर पालिका, विद्युत, बैंक, एवं इेदस विभाग के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जन सामान्य से अपील की गई है कि उक्त लोक अदालत का लाभ उठाकर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करें।

### जन -भागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत युवा टीम उमरिया के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास पाली की छात्राओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत गिंजरी के गांव के चौराहे पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन करते हुए लोगों को जल की अहमियत बताई तथा जल के संरक्षण पर जोर दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्होंने संदेश देते कहा कि जल की एक-एक बूंद को बचाना समय की जरूरत है। छात्रावास अधीक्षिका अर्चना सिंह व सारिका शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जल अमूल्य है। इसे व्यर्थ न बहाएं। यदि समय रहते हमने व्यर्थ जल बहाना बंद न किया तो भविष्य में हमें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने लोगों से जल को व्यर्थ न बहाने का आह्वान किया। हिमांशु तिवारी ने अपने अभिनय से दर्शकों को पानी की कमी से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया।अगर पानी की बर्बादी नहीं रोकी गयी, तो आने वाली पीढियां गंभीर संकट का सामना करेंगी.नुक्कड़ नाटक के माध्यम लोगों को यह संदेश दिया गया कि अगर आज हम पानी नहीं बचाएंगे, तो कल के हालात कितने भयावह हो सकते हैं. नुक्कड़ नाटक के दौरान छात्रावास अधीक्षिका अर्चना सिंह , सारिका शर्मा, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, परिवहन मित्र खुशी सेन, खुशी दहिया, मुस्कान बैगा, वंदना सिंह ,अंशिका दहिया, काजल सिंह ,मानवी परस्ते ,साधना सिंह, हिमांशी रजक ,काजल बैगा, खुशबू सिंह , प्रतिज्ञा सिंह ,दिव्या परस्ते, कृतिका सिंह ,महिमा सिंह व सभी उपस्थित रहे।

# महिला ने एसपी से लगाई दबंगों से बचाने की गुहार

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की वार्ड नंबर 15 निवासी विनीता शर्मा पत्नी वंशगोपाल शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देते हुए बताया कि वह ग्राम शहडोल स्थित आराजी खसरा न. 54/1/3 रकवा 23.5 डिसमिल फरियादिया के पति वंशगोपाल शर्मा के स्वामित्व व कब्जे दखल की भूमि रही है, पति हृदय रोग एवं किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित है, जिनके हृदय रोग एवं किडनी रोग के कारण डायलिसिस चलता है, उक्त रोगों से पीड़ित होने के कारण वह चल फिर पाने में असमर्थ है एवं गंभीर अवस्था में घर पर बेड रेस्ट में है । उक्त वर्णित भूमि पर सीमांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर अपने स्वामित्व एवं कब्जे दखल की भूमि पर सीमेंट के खम्भे खड़े कर कटीली तार से दीवाल बनवाई थी, जिसमें एक गेट व एक कमरा भी बनाया गया था। फरियादिया एवं उसके परिवारजन अपनी पुत्री मोनिका शर्मा के विवाह के कार्यक्रम के लिए 19 अप्रैल शनिवार को ग्राम बरही, तहसील मानपुर, जिला उमरिया गए थे, इस बात की जानकारी आरोपीगण कृष्ण कुमार तिवारी पिता रामगोपाल तिवारी, लक्ष्मी तिवारी पत्नी कृष्णकुमार तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा पिता स्व. गंगाप्रसाद शर्मा, आशीष शर्मा पिता ओम प्रकाश शर्मा, मीना शर्मा पत्नी ओम प्रकाश शर्मा सभी निवासी वार्ड नं. 05 सोहागपुर, धोबी मोहल्ला शहडोल तहसील सोहागपुर को थी, आरोपी कृष्णकुमार तिवारी द्वारा उक्त आरोपीगण के साथ



साजिश कर उक्त वर्णित आराजी में जबरन घुसकर उसमें लगे हुए सीमेंट के खम्भे व लोहे की कटीली तार से निर्मित बाउंड्री वाल, लोहे के गेट को 20 अप्रैल को रविवार की दोपहर में 2 बजे से 4 बजे के मध्य तोड़ दिया तथा फरियादिया को गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचाई है। आरोपीगण द्वारा सीमेंट के खम्भे व लोहे की कटीली तार से निर्मित बाउंड्री वाल, लोहे के गेट को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना स्पष्ट रूप से उक्त आराजी के पड़ोस में स्थित घर पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। जब फरियादिया अपनी पुत्री का विवाह करने के उपरांत वापिस 21 अप्रैल को शहडोल पहुंची तब फरियादिया पुत्री के विवाह के अन्य बचे हुए कार्य निपटने लगी। 23 अप्रैल को जब फरियादिया अपनी उक्त भूमि पर गई तब उसे इस बात कि जानकारी हुई कि आरोपीगण के द्वारा वर्णित संपत्ति को तोड़ दिया गया है ।आरोपीगण द्वारा पूर्व में भी फरियादिया एवं उसके परिवारवालो के साथ कई बार विवाद करते हुए लड़ाई-झगडा एवं गाली-गलौज किया जा चुका है, जिसकी शिकायत पूर्व में भी फरियादिया द्वारा थाने में की गई है, किन्तु आज दिनांक तक आरोपीगण के विरुद्ध किसी तरह की कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण आरोपीगण के हौसले बुलंद है एवं आरोपीगण पर यदि कोई कार्यवाही न की गई तो अरोपीगण द्वारा किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता है एवं फरियादिया के साथ हुई इस घटना की लिखित सूचना भी थाना कोतवाली में की गई है, जिस पर भी आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। फरियादिया ने पुलिस अधीक्षक से आरोपीगण के विरुद्ध शीघ्र प्राथमिकी दर्ज कराने उनके विरुद्ध दंडनीय कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# जल के बिना जीवन संभव नहीं है




### दीवारों पर चित्र व नारे लिख जल संरक्षण के प्रति कर रहे जागरूक

**शहडोल।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कमिश्नर सुरभि गुप्ता व कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की युवाओं की टोली युवा टीम शहडोल के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे जल संरक्षण के प्रति अलख जगाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में युवाओं की टोली के द्वारा ग्राम पंचायतों के आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम में दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है तथा जल के बिना जीवन संभव नही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम हर्री में युवा टीम ने दीवार लेखन कर जल का महत्व बताया। दीवार लेखन कार्य में जल मित्र हिमांशु तिवारी, जल मित्र खुशी सेन, सुहाना महोबिया,ग्रामीण रौनक कोल, मनीष बैगा की भूमिका रही। साथ ही युवाओं द्वारा जल बचाने हेतु लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

# गर्मियों के सीजन में देशी फ्रिज की बिक्री हुई शुरू

### चंदिया के मिट्टी के बर्तन प्रदेश और देश में प्रसिद्ध

**शहडोल।** जिले के चंदिया के बर्तन अपनी गुणवत्ता, टिकाऊपन और सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं। इन बर्तनों में कुल्हड़, हांडी, सुराही, दीया और अन्य पारंपरिक घरेलू वस्तुएं शामिल हैं, जिन्हें प्राकृतिक मिट्टी से तैयार किया जाता है। इनकी मांग न केवल मध्य प्रदेश में, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी तेजी से बढ़ रही है। चंदिया के मिट्टी के बर्तन प्रदेश और देश में प्रसिद्ध है। यहां के मिट्टी के बर्तन छत्तीसगढ,. उडीसा सहित बिहार और गुजरात के साथ विदेशी पर्यटक अपने साथ अपने देश लेकर जाते हैं। चंदिया की मिट्टी के बर्तन मे पानी ठंडा रहता है और प्राकृतिक तरीके से ठंडा होता है। जिला प्रशासन ने कलाकार कुम्हारों को प्रशिक्षण भी दिया। जिससे कुम्हारों ने मटका,सुराही और मिट्टी की बोतल भी बनाने लगे हैं। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कलाकार मोती ने बताया कि ये हमारा पुराना काम है। पहले हम मटका सुराही बनाकर आसपास बेचते थे, लेकिन अब हमारे पास दूर दूर के साथ दूसरे प्रदेशो से आर्डर आते हैं। और हम आर्डर पुरा करने के साथ



स्वयं भी मटका सुराही भोपाल, छत्तीसगढ़ जाते हैं। पहले हम मटका और सुराही बनाते थे। हमको जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण दिलवाया तो हम डिजाइन वाली सुराही, बॉटल भी बनाने के साथ मिट्टी के कढ़ाई,गमला,करछी,गुल्लक भी बना कर बेचते हैं। शासन की मदद और हमारी मेहनत से हमारी आय बढ़ी है। हम लगातार व्यापर को बढ़ा रहे हैं। मटका,सुराही,बॉटल और मिट्टी से बनने वाले सामान देखने में जितने सुंदर लगते हैं बनाना उतना ही कठिन है कलाकार नंदकिशोर ने बताया कि हम पहले मिट्टी लाते हैं उसके बाद उसे सुखाकर कुटाई करते हैं फिर उसको साफ़ करने के बाद मिट्टी को गीला करने के बाद चक्के में रखते हैं। चक्का पहले हाथ से चलाया जाता था। लेकिन अब मशीन से चलता है। फिर बर्तन तैयार करने के बाद कलर किया जाता है।

# धड़कन नामक बच्चों के हृदय जांच शिविर में बच्चों का हुआ उपचार

**शहडोल।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान तथा जिला प्रशासन के सहयोग से एस.ई.सी.एल. की धडक़न नामक बच्चों के हृदय जांच शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। शनिवार की सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2 डी ईको मशीन द्वारा लगभग 41 बच्चों की निःशुल्क हृदय जांच की गई, शिविर के प्रचार-प्रसार में रोटरी क्लब विराट शहडोल के सभी रोटेरियन सदस्य सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। रोटेरियन सदस्यों ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर बाल-अतिथि सेवा में भी सहयोग प्रदान किया। द्वितीय स्क्रीनिंग कार्यक्रम में कुल 41 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 20



मरीजों में जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित पाए गए। इन बच्चों के निःशुल्क उपचार की दिशा में शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। उक्त मरीजों में से 3 मरीज पूर्व से ही श्री सत्य साईं संजीवनी संस्थान में पिछले तीन वर्षों से उपचाररत थे। स्क्रीनिंग में यह पाया गया कि ये सभी तीनों बच्चे अब पूर्णतः स्वस्थ हो चुके हैं। मानवता के इस पुनीत कार्य में अपनी सेवा भावना का परिचय देते हुए रोटरी क्लब विराट शहडोल के सेवादार उपस्थित रहे, इसमें रोटे. सुशील खोडिय़ार अध्यक्ष, रोटे. सी.एम. मेहानी सचिव, रोटे. जयसुखलाल चावड़ा कोषाध्यक्ष, रोटे. शेखर ढंड, रोटे. रमीत सिंह, रोटे. देवेंद्र श्रीवास्तव, रोटे. नरेश सिंघल, रोटे. सतनाम सिंह मान, रोटे. अशोक बजाज, रोटे. दीपक गौतम, रोटे. अशोक सराफ, रोटे. महेंद्र सराफ, रोटे. प्रकाश ओचानी, रोटे. डॉ. जी.डी. सिंह, रोटे. शाहिद खान मौजूद रहे।

# एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के खैरहा भूमिगत माइंस में दूसरी सीएम मशीन का शुभारंभ



**धनपुरी।** सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत खैरहा भूमिगत माइंस में पूर्व से ही एक सीएम (कंटीन्यूअस माइनर) मशीन कार्यरत थी, जो प्रत्येक वर्ष निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से पूर्व ही उत्पादन पूर्ण कर रही थी। अब माइंस में उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने के उद्देश्य से दूसरी सीएम मशीन का उद्घाटन क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा किया गया।

### श्रमिकों ने उठाए सवाल

मशीन के शुभारंभ को लेकर श्रमिकों के बीच कुछ सवाल भी उठे हैं। जागरूक श्रमिकों का कहना है कि खदान के अंदर अभी भी सीएम मशीन के लोकर सेक्शन एवं बेल्ट सेक्शन में पर्याप्त कार्य शेष है। इन आवश्यक तैयारियों के पूरा होने से पूर्व ही मशीन का उद्घाटन कर दिया गया है। वहीं, अभी कोल प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए उच्च प्रबंधन से कोई नया निर्देश भी नहीं आया है।

### प्रबंधन की तत्परता पर चर्चाएँ

श्रमिकों का मानना है कि प्रबंधन ने मशीन के त्वरित उद्घाटन में अनावश्यक जल्दबाजी दिखाई है। कुछ का यह भी कहना है कि सेवानिवृत्ति के निकट पहुंचे प्रबंधन अधिकारियों ने समय रहते अपनी उपलब्धि दर्शाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। हालांकि मशीन प्रारंभ करने से तत्कालिक लाभ की स्पष्टता पर अभी सवाल बने हुए हैं, क्योंकि खदान में अभी भी काफी कार्य शेष है।

### उत्पादन लक्ष्य में होगी बढ़ोतरी

वहीं, प्रबंधन का मानना है कि खैरहा भूमिगत माइंस में दूसरी सीएम मशीन के लगने से आगामी वर्षों में खदान की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। विशेषकर वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित कोयला लक्ष्य दोगुना होने की संभावना है, जिससे कंपनी को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

# नया शिक्षा सत्र प्रारंभ नहीं पहुंच रहे शिक्षक

**चन्नौडी।** 1 अप्रैल से नए शिक्षण सत्र शुरू हो गया है विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र की व्यवस्थाओं के लिए जिले के आलाधिकारियों द्वारा कई बार निर्देश देने के बाद भी अधिकतर विद्यालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ नहीं है अधिकतर संकुल के विद्यालयों में कई व्यवस्थाएं शून्य है जिले के अधिकतर विद्यालयों में नियमित या स्थाई चपरासी, सफाई कर्मी की कोई व्यवस्था नहीं है अप्रैल माह में मनाए गए प्रवेश उत्सव मात्र दिखावे और फोटो तक ही सीमित लग रहे हैं ऐसा लगता है की कभी भी जिले का वरिष्ठ अधिकारी अपने अपने अधीनस्थ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों , आंगनबाड़ियों का निरीक्षण नहीं करते तभी तो जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है

1 नए शिक्षण सत्र में जिले के कई ऐसे विद्यालय हैं जहां पर इस भीषण गर्मी पर बैठने वाले कक्षा में पंखों की व्यवस्था नहीं है जहां पढ़ाई कर रहे छात्रों का हाल गर्मी से बेहाल होता दिखाई दे रहा है

2 अधिकतर विद्यालयों में बैठने के लिए कक्षाओं की आवश्यकताओं के अनुसार कमी खल रही है कम कमरों के होने के चलते विद्यालयों में एक कक्ष कार्यालय में प्रयुक्त होता है जबकि एक या दो ही कमरों में शिक्षक द्वारा छात्रों को शिक्षा दी जाती है अधिकतर विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा होने के चलते बैठक व्यवस्था में समस्या होती है

3 इस भीषण गर्मी में अधिकतर विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए पीने योग्य पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थी पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं कहने को तो हैंडपंप या अन्य जल स्रोत हैं लेकिन विद्यालयों की व्यवस्था न होने पर विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है



4 नए शिक्षण सत्र में अधिकतर विद्यालयों के शौचायलयों के दरवाजे अभी भी बंद है और कुछ विद्यालयों के शौचालय के दरवाजे खुले तो हैं लेकिन वहां पर ईट पत्थर या गंदगी देखी जा सकती है साफ सफाई क्या अभाव में , और पानी की समस्या के चलते अधिकतर शौचालय पर ताला लटका नजर आता है

5 विद्यालय समय पर जवाबदारी वाले शिक्षक न पहुंचने पर अतिथि शिक्षकों के द्वारा या विद्यालय के रसोइयों के द्वारा मुख्य द्वार खोला जाता है क्योंकि तब तक शिक्षक विद्यालय पहुंचने की गाड़ी मोटर ढूंढने के दद्दोजहद मैं लगा रहता है अधिकतर विद्यालयों में शिक्षक समय पर नहीं पहुंच रहे हैं ग्रामीणों के पूछने पर कहते हैं कि बहुत सारे सरकारी काम होते हैं जो हमें करने होते हैं अभी अप्रैल है अभी से पढ़ाई होगी क्या अगर इसी प्रकार शिक्षण सत्र चला तो कैसे बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा

6 नए शिक्षण सत्र में या फिर पुराने शिक्षण सत्र में देखा जाए तो फर्क सिर्फ इतना है की विद्यार्थियों की कक्षाएं बदली है शिक्षक का रास्ता नहीं क्योंकि वह इसी प्रकार आते हैं और चले जाते हैं अधिकतर विद्यालयों में पिछले वर्ष विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस या अन्य जानकारी ली जाए तो परिणाम अपने आप निकाल कर सामने आएंगे चाहे वह स्काउट की फीस हो रेड क्रॉस की फीस हो या फिर विद्यार्थियों के संपूर्ण शारीरिक विकास खेलकूद की फीस हो अगर यह तीनों चीज विद्यालयों पर संचालित नहीं है तो फिर इसे ली जाने वाली फीस की राशि जाति कहां है जबकि कार्यालय पर कुछ प्रतिशत जमा कर शेष राशि विद्यालय के विद्यार्थियों पर उनके संपूर्ण शिक्षा विकास के लिए लगाई जानी चाहिए क्योंकि विद्यालयों पर विभिन्न प्रकार के मद होते हैं जो प्रभारी खर्च कर सकते हैं क्या उन्हें में यह राशि भी समाहित हो जाती है यह बहुत ही गंभीर और जांच का विषय है

7 विद्यार्थियों चली जाने वाली प्रायोगिक, या अन्य किसी भी प्रकार की फीस ली जाती है तो उसकी रसीद विद्यार्थियों को दी जानी चाहिए ऐसा लगता है की पूरी राशि खर्च करने के बाद उसका हिसाब देना उचित नहीं होता यह जांच का विषय

8 यदि वरिष्ठ कार्यालय पर बैठे अधिकारी, या संकुल स्तर पर बैठे प्राचार्य, नियमित रूप से सप्ताह में 2 दिन भी अपने संकुल या विद्यालयों का भ्रमण करें तो छात्रों के हित पर कई समस्याओं का सामना कैसे करते हैं उनका उचित मार्गदर्शन और निर्णय छात्रों के उज्जवल भविष्य में सहायक होगा और अच्छा सुखद परिणाम प्राप्त होगा शिक्षकों पर एक अच्छा माहौल दिखेगा और छात्र हित पर उचित निर्णय से पढ़ाई या अन्य सभी प्रकार की गतिविधियां उनके संपूर्ण विकास पर आधारित होगा और अच्छा परिणाम प्राप्त होगा

9 जानकारी अनुसार बुढार जनपद विकास खंड अंतर्गत कई ऐसे संकुल केंद्र है जहां पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में अत्यधिक गोलमाल है जो जांच का विषय है अगर जांच होती हैं तो सभी परत अपने आप बाहर आ जाएगी

10 अब देखना यह होगा कि छात्र हित पर जनप्रतिनिधि या स्थानीय प्रतिनिधि या वरिष्ठ जन के साथ वरिष्ठ कार्यालय पर बैठे अधिकारी कितने सजग होकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे और विद्यार्थियों का संपूर्ण शिक्षा विकास होगा।

### छात्राओं को बताया गया जल का महत्व

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान उमरिया जिले में भी आयोजित किया जा रहा है। अभियान की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के लिए श्रमदान, बोरी बंधान तथा संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है तथा बुजुर्गो, युवाओ, बच्चों को जल के महत्व के संबंध में समझाया जा रहा है एवं जल का संवर्धन करनें का संदेश दिया जा रहा है। शा. माध्यमिक विद्यालय घुलघुली के प्राचार्य राज कुमार महोबिया ने विद्यालयीन छात्र छात्राओं को जल का संरक्षण करने का संदेश देते हुए कहा कि जल का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है ।जल की एक एक बूंद को सहेजने के लिए प्रदेश सरकार व्दारा जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है। अभियान के माध्यम से जहां एक ओर नदियो, तालाबों, कुओं के आस पास श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की जा रही है वहीं दूसरी ओर जल को संरक्षित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि शासन के साथ साथ हमे भी जल को बचानें की दिशा में अपनी नैतिक जिम्मोंदारियों का निर्वहन करना होगा। जल को बचाने के लिए जल को व्यरर्थ नही बहाएं । जल स्त्रोतो के आस पास गंदगी नही फैलाएं। इस अवसर पर सरंपच सहित स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### चंदास नदी में बोरी बंधान कर जल के संरक्षण का दिया गया संदेश



**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध संस्थान द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण हेतु अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्था सर्वजन सुखाय सामाजिक संस्था एवं नगर प्रस्फुटन समिति अनूपपुर तथा सीएमसीएलडीपी छात्रों के संयुक्त प्रयास से अनूपपुर के चंदास नदी में बोरी बंधान का कार्य किया गया। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से पानी का दुरूपयोग न करने की अपील की गई। आमजनों को वर्षा जल संचयन तथा जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षित रह सके। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पटेल, वार्ड पार्षद संजय चौधरी, परामर्शदाता विक्रम सिंह, दिलीप शर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अनिल परिहार, सीएमसीएलडीपी छात्र विकाश पांडेय, सूरज केसरवानी, विनीता सिंह, राजकुमारी पहाडे, रीता सिंह, रानी पांडेय, सुखदेव सिंह, लालिमा सिंह एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

### मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ छत्रवीर सिंह एवं महामंत्री राकेश गुप्ता आज प्रवास अमरकंटक में

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल के तीनों जिलों, क्रमशः शहडोल, अनूपपुर, उमरिया जिलों के जिला अध्यक्ष / सचिव / कोषाध्यक्ष एवं संपूर्ण कार्यकारिणी से अपील है कि त्रिदिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग की तैयारी के अवलोकन हेतु 27/4/2025 को 10 बजे सुबह प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर छत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता का आगमन अमरकंटक में हो रहा है, प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा मां नर्मदा जी के दर्शन उपरांत अभ्यास वर्ग की तैयारी का अवलोकन उपरांत सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं की कल्याण आश्रम के ऑटोटोरियम हाल में बैठक लेंगे, जिसमें उनके द्वारा अभ्यास वर्ग के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी को दी जावेगी, आप सभी से विनम्र आग्रह है कि अपने- अपने जिलों के, पदाधिकारियों सहित तहसील, नगर, विकास खंडो के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अधिक से अधिक संख्या में 10 बजे तक कल्याण आश्रम अमरकंटक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री का प्रथम आगमन संभाग शहडोल में हो रहा है, आप सभी लोग उपस्थित होकर संघे शक्ति युगे युगे को चरितार्थ करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

### ज्यादा मुनाफा के लिए दुकानदार भी अमानक पाउच की बिक्री पर देते जोर

# बिक रहे अमानक पानी पाउच, रुपए खर्च कर उपभोक्ता खरीद रहे बीमारियां

**अनूपपुर।** गर्मी की शुरूआत के साथ ही निरंतर बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखकर हर दिन पानी पाउच व बॉटल की नई-नई कंपनियां मार्केट में उतर रही है वहीं पीने के पानी की मांग भी तेजी से बढ़ रही है, जिनसे कंपानी को मुनाफा होता है वहीं उपभोक्ता बिना कोई जांच पड़ताल किये इस पानी को खुले पानी से बेहतर समझ कर महंगी कीमतों मे पी रहे है जबकि हकीकत तो यह है कि खुले पानी से यह पानी भी कम खतरनाक नहीं है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे पीने के पानी का कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। बढ़ते कारोबार को देखते हुए मुनाफा कमाने के लिए अमानक पानी पाउच बेचने वाले सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में लोगों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। गर्मी शुरू होते ही नगर के होटलों, किराना दुकान और छोटी बड़ी ठंडा की दुकानों पर स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे पानी के पाउचों की बिक्री तेज हो गई है। एक रुपए में बिकने वाले पाउच अब पांच रुपए में दो बेचे जा रहे हैं। पन्नी में बंद पानी कहने को तो आईएसआई मार्का वाला फिल्टर पानी है, लेकिन हकीकत में यह पानी स्थानीय स्तर पर पैक किया जा रहा है।







#### न एक्सपायरी, न निर्माण की तारीख

बाजार में मिलने वाले अधिकांश पानी पाउच में न तो पैकिंग तारीख अंकित होती है न एक्सपायरी डेट लिखी रहती है। यह पानी भले ही तात्कालिक रुप से लोगों के कंठ को तर कर राहत देने में मददगार साबित हो रहे हैं, लेकिन बाद में न जाने कितनी बीमारियों का कारण बन रही हैं। यह पानी पाउच खाद्य एवं औषधि विभाग से बिना अनुमति एवं नगरीय प्रशासन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराएं बिना ही बेचे जा रहे हैं। इन अधिकांश पाउचों में न तो वाटर प्लांट का पता लिखा है न ही इमेल पता होता है। फिर भी यह नकली पाउच बाजार में धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। ऐसे पानी के उपयोग से पीलिया, टाइफाइड, अल्माइजर आदि जैसी गंभीर बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है।

#### अधिक मुनाफा के लिए बिक्री

ब्रांडेड पानी पाउचों की तुलना में नगर में अमानक स्तर के बने पाउच काफी सस्ते दामों में दुकानदारों को बेचे जाते हैं। इसलिए दुकानदार अपने फायदे के चक्कर में लोगों को दूषित पानी पिलाकर स्वास्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ब्रांडेड कंपनी के पानी पाउच की पैकिंग में 100 पाउच रहते हैं। वह दुकानदार को 75 से 80 रुपए में मिलती है जबकि नकली पानी पाउच की बोरी, जिसमें 100 पाउच होते हैं, अधिकतम 40 से 45 रुपए में मिल जाते है। पानी के पाउच प्लॉट पर मशीन के माध्यम से पैक करके बेचे जाते हैं, लेकिन वर्तमान में नगर में अनेक स्थानों पर घरों में पानी बनाकर बेचा जा रहा है। जिनमें बाजार में मिलने वाली सफेद पॉलीथिन को खरीदकर उसमें पानी भरकर धागा से बांध दिया जाता है और फ्रिज में रखकर उसी पानी को बेच दिया जाता है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे देशी पाउच की बिक्री ज्यादा हो रही है।

#### आईएसआई मार्का का दुरुपयोग

आईएसआई मार्का का गलत तरीके से प्रयोग हो रहा है, तभी बीआइएस विभाग इस संबंध में कार्रवाई करता है। जबकि बाजार में अमानक पानी पॉउच के संबंध में कार्रवाई का अधिकार प्रशासन व खाद्य और औषधि विभाग के जिम्मे होता है। इसके बावजूद विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से नहीं निभाने के चलते नगरवासियों को सदैव बीमारियों का डर बना रहता है।

#### फैशन का चढ़ा खुमार

आधुनिक व फैशन की बढ़ते इस युग में जहां पानी पाउच का बोतलबंद हर जगह सुलभ होने की वजह से इसका इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। वहीं फैशन की नजरिये में भी इसका प्रचलन आजकल शादी के मंडप, घरों में पार्टियां व छोटे-मोटे फंक्शन में अब लोग गिलासों में पानी पिलाना अपनी तौहीनी समझते है बोतलबंद पानी व पाउच अब फैशन के रूप में लोगों को भाने लगा है। इसी कारण जरूरत व आवश्यकता अनुसार लोग इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे है तो वहीं अपना रूतवा दिखाने का माध्यम बन कर रह गया है। दूसरी ओर लोगों को सुलभता से पेयजल उपलब्ध कराने के लिये प्लास्टिक कंटेनर, बोतल एवं प्लास्टिक के पाउच भले ही लोगों के पास सुलभता से उपलब्ध हो जाते है लेकिन यही प्लास्टिक के कंटेनर हो या बोतल या फिर प्लास्टिक के पााउच जिसे पानी पीने के बाद उपभोक्ता सड़कों पर फेंक देते है जो पर्यावरण के लिये खतरा पैदा कर रहे है वहीं मूक बधिर जानवर खाकर काल के गाल में समा रहे है। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

#### यह है पाउच बेचने के नियम

किसी भी कंपनी को पानी के पाउच निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा जारी लाइसेंस की जरूरत होती है। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की अनुमति भी होना आवश्यक है। इसके अलावा पानी के पाउचों को पैकिंग तारीख दी जाती है। जिसमें उस तारीख से निर्धारित समयावधि की भी जानकारी देना अनिवार्य होता है। पैकेट पर नैचुरल, पारंपरिक और शुद्ध निर्माण जैसे शब्द कंपनियों द्वारा मनमाने तरीके से लिखे जा रहे हैं। निर्माता कंपनियां प्रोडक्ट की परिभाषा खुद तैयार कर ऐसे लुभावने शब्द लिखकर ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल रही हैं। एफएसएसआइ नई दिल्ली ने कंपनियों पर नकेल कसने के लिए नेचुरल, शुद्ध सहित पारंपरिक परिभाषा तय की है। कोई कंपनी गलत दावा करती है, तो उसे 10 लाख रुपए तक जुर्माना देना पड़ सकता है। एफएसएसएआइ ने नए नियमों के पालन के आदेश संबंधित विभागों को दिए हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही धड़ल्ले से अमानत पानी के पाउच की बिक्री कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बेचे जा रहे हैं लेकिन खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों के पास जांच करने का समय ही नहीं है। नागरिकों ने कलेक्टर से बाजार में बिक रहे अमानत पानी के पाउचों की जांच करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# आग के लौ से दहक रहे मैकलांचल के सुंदर जंगल



### अमरकंटक वन परिक्षेत्र में आग से जलकर खाक हो रही मैकल की सुंदर वादियां

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश का हिल स्टेशन कहा जाने वाला, मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक अपने शीतलता और सुरम्य वातावरण के लिए जाना जाता रहा है किंतु वर्तमान में अमरकंटक का तापमान औसत से कई गुना अधिक हो चुका है। अंधाधुंध कंक्रीट निर्माण और जंगलों का आज इसका प्रमुख कारण है। इन दिनों अमरकंटक के जंगल आग से झुलस रहे हैं। इस वर्ष फरवरी माह से ही आग जानी की घटनाएं आने लगी थी, तब से लेकर अब तक लगातार इस तरह की घटनाएं लगातार देखने को मिल रही हैं ।

#### आग लगने के क्या है कारण

वनों में आग लगने के विभिन्न कारण होते हैं, यह क्षेत्र और स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं । अमरकंटक क्षेत्र में आग लगने के कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं, आग लगने का सबसे बड़ा कारण वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत मिलने वाले भूमि पट्टा की लालच में ग्रामीणों द्वारा आग लगा कर खेत बनाया जा सके, यह अधिनियम वनों में पीढ़ियों से निवासरत जनजाति समूहों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर वन अधिकार पट्टा देने का प्रावधान है किंतु सरकार और राजनीतिक पार्टियों द्वारा इसे चुनावी एजेंडा बनाकर ग्रामीणों में लालच को बढ़ा दिया है । इसी लालच के परिणाम स्वरूप वन भूमि को कब्जा करने हेतु सफाई करने के उद्देश्य वनों की तराई में आग लगाया जाता है जो पूरे जंगल को जलाकर राख कर दे रहा है, दूसरा कारण मशरूम (पिहरी/पुटु) से संबंधित है, ग्रामीणों का मानना है कि आग लगने से अत्यधिक पिहरी/ मशरूम का उत्पादन होगा जबकि यह एक मिथक है। आग लगने का एक बड़ा कारण ग्रामीणों द्वारा पशुओं को चराने हेतु रास्ते के लिए लैंटाना को साफ करने के उद्देश्य से आग लगा दिया जाता है। आग लगने के अन्य कारण भी हैं जैसे महुआ बनने के उद्देश्य से, बड़ी सिगरेट पीकर फेक देने से, वन विभाग की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों द्वारा वन रक्षकों से बदला लेने के उद्देश्य से तथा शिकार करने के लिए पत्तों को साफ करने के उद्देश्य तथा जंगली जानवरों को मारने के उद्देश्य आग लगाई जाती है।

#### आगजनी की घटनाओं में प्रशासन की भूमिका विचारणीय

जिला प्रशासन तथा वन विभाग को आगजनी की घटनाओं से निपटने हेतु हाई अलर्ट पर रहना चाहिए था, ऐसी परिस्थितियों में भी वन विभाग अपने पुराने रवैया से कार्य कर रहा है, जिसमें सामान्य दिनों के जैसे ही मानव संसाधन की कमी होने के साथ, ही संसाधनों की कमी आग में काबू पाने के लिए नाकाम साबित हो रही है। प्रशासन द्वारा प्रदत्त ब्लोअर मशीन आए दिन खराब हो रहे हैं, सीमित संख्या के मशीन हजारों हेक्टर के वन भूमि को संरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं है, दमकल की गाड़ियां वनों तक पहुंचने में सक्षम नहीं है तथा समय पर उपलब्ध न होने के कारण सड़क के किनारे वाले जंगल भी नहीं बचा पा रहे हैं ।

#### वनों को आग से बचाने में प्रनयुस का प्रयास

प्रणाम नर्मदा युवा संघ संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के विषय पर कर रहा है, संस्था द्वारा वनों को आग से बचाने के लिए गांव-गांव में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं, साथ ही आग लगने की स्थिति पर युवाओं की टोली जंगलों में पहुंचकर आग बुझाने का भी कार्य करती है। वन परिक्षेत्र अमरकंटक के बिजोरी बीट में विगत दिन में लगे भयानक आग को काबू पाने के लिए युवा संघ के 35 सदस्यों की दल द्वारा रात 9 बजे से 1 तक आग बुझाने की कड़ी मशक्कत करके आग में काबू पाया गया।

## 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को आशीर्वाद गार्डन में होगा सामूहिक उपनयन संस्कार

**अनूपपुर।** आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर अनूपपुर में बटुकों के सामूहिक उप नयन संस्कार का आयोजन वार्ड क्रमांक 13, अमरकंटक चौक के पास आशीर्वाद मैरिज गार्डन में किया जाएगा। परमहंस आश्रम अमरकंटक के संत स्वामी श्री लवलीन महाराज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। ब्राम्हण समाज सेवा समिति अनूपपुर के अध्यक्ष राम प्रकाश द्विवेदी और महामंत्री एडवोकेट अनिल तिवारी ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर के गणमान्य पदाधिकारियो एवं सदस्यों द्वारा समाज कल्याण के लिये आगामी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि स्वामी श्री लवलीन महाराज, परम हंस आश्रम शाखा अमरकंटक, अध्यक्षता जगत गुरु महाराज श्री दंडी महाराज जी हनुमान जी धाम खाम्हीडोल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम आशीर्वाद मैरिज गार्डन अमरकंटक चौक बस्ती रोड अनूपपुर में प्रातः 7 बजे से प्रारम्भ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनयन संस्कार की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। जिसमें जिले भर से शामिल 51 बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे सहभोज कार्यक्रम उपरांत सायं 5 बजे से भगवान भगवान परशुराम की शोभा यात्रा अमरकंटक चौक से इंदिरा चौक, शंकर मंदिर होते हुए किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रेम कुमार त्रिपाठी, संरक्षक ब्राह्मण समाज सेवा समिति, रामनरेश त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता , शंभू प्रसाद शर्मा, पूर्व महामंत्री ब्राह्मण समाज सेवा समिति, प्रमोद शर्मा संरक्षक ब्राह्मण समाज सेवा समिति, श्रीमती प्रवीण द्विवेदी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती सुधा शर्मा संरक्षक ब्राह्मण समाज सेवा समिति के आतिथ्य मे मंचीय कार्यक्रम किया जाना तय हुआ है। अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वय ने जिले के सभी ब्राह्मण बन्धुओं माताओं बहनों एवं भाइयों से विनम्र अपील की है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर उपनयन संस्कार एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## लालकुआं-दुर्ग के मध्य 18 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

### यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल

**कोतमा। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-लालकुआँ-दुर्ग के मध्य 18 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।**

गाड़ी संख्या 08771 दुर्ग-लालकुआँ साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 01, 08, 15, 22, 29, मई व 05, 12, 19, 26 जून को (09 फेरा) प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08772 लालकुआँ-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से 02, 09, 16, 23, 30 मई व 06, 13, 20, 27 जून को (09 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।

यह रहेगी समय सारिणी

08771 दुर्ग-लालकुआँ साप्ताहिक समर स्पेशल दुर्ग से प्रत्येक गुरुवार को 10.45 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उस्लापुर आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंड्रारोड आगमन 14.55 बजे, प्रस्थान 14.57 बजे, अनूपपुर आगमन 15.40 बजे, प्रस्थान 15.45 बजे, शहडोल आगमन 16.20 बजे, प्रस्थान 16.22 बजे एवं उमरिया आगमन 17.14 बजे, प्रस्थान 17.16 बजे तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये होते हुये दूसरे दिन शुक्रवार को 17.50 बजे लालकुआँ पहुंचेगी। इसी प्रकार 08772 लालकुआँ-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से प्रत्येक शुक्रवार को 20.20 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया आगमन 19.46 बजे, प्रस्थान 19.48 बजे, शहडोल आगमन 21.20 बजे, प्रस्थान 21.22 बजे, अनूपपुर आगमन 22.05 बजे, प्रस्थान 22.10 बजे, पेंड्रारोड आगमन 23.00 बजे, प्रस्थान 23.02 बजे, तीसरे दिन उस्लापुर आगमन 01.15 बजे, प्रस्थान 01.25 बजे, रायपुर आगमन 03.00 बजे, प्रस्थान 03.05 बजे तथा रविवार को 04.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 03 जनरल, 15 स्लीपर, 02 एसी-III सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी । रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा, निज़ामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेगी।

# बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमें दिया मौलिक अधिकार- प्रदेश महामंत्री सतेन्दु तिवारी

### भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रबुद्ध संगोष्ठी संपन्न



**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 अप्रैल को भाजपा कार्यालय अनूपपुर में आयोजित भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को भाजपा के प्रदेश महामंत्री मुख्य वक्ता सतेन्दू तिवारी, मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, शहडोल संसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, जय सिंह नगर विधायक प्रदेश की मंत्री श्रीमती मनीषा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ और जिले के पदाधिकारी तथा प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री मुख्य वक्ता सतेन्दू तिवारी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा की बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान अगर किसी राजनीतिक दल ने किया है तो वह है भारतीय जनता पार्टी, जिसने संविधान के अनुरूप और बाबा साहेब की विचारधारा को समाज तक पहुंचाने का काम कर उन्हें गौरवान्वित किया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवारवाद तुष्टिकरण नीति के तहत काम कर रही है हमारी सरकार डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को लेकर अंत्योदय योजनाओं के तहत आगे बढ़ रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने 50 वर्षों तक देश पर राज किया लेकिन बाबा साहब के सम्मान को आगे नहीं बढ़ने दिया यह वह कांग्रेस है जिसने बाबा साहब के विचारों समाज तक नहीं पहुंचने दिया।

**बीच कांग्रेस कर रही दुष्प्रचार**

शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान को अपनी जेब में रखकर अनुसूचित जातियों दलित समाज को झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं और जो संविधान की बात करते हैं जिन्होंने बाबा साहेब का सम्मान नहीं किया और जनता को झूठ बोलकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा की प्रदेश मंत्री और जयसिंहनगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने संगोष्ठी के माध्यम से अनुसूचित जाति समाज को जागरुक करते हुए कहा कि, जो पार्टी आपका सम्मान नहीं कर सकती आपके अधिकारों को नहीं दे सकती ऐसी पार्टी का बहिष्कार करना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह सामने संगोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि बाबा साहेब के सामाजिक समरसता के विचार को आगे बढ़ाना प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए हमें बाबा साहेब के विचारों को लेकर जनता के बीच जाना है जिससे कांग्रेस की गलत विरोधी नीति और बाबा साहेब के अपमान को हम समाज तक पहुंच कर उन्हें जागरूक बनाने का काम करें।

**अर्पित की गई श्रद्धांजलि**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के तहत पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष व्यक्तियों हत्या किए जाने के विरोध में हमले की कड़ी निंदा की गई साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी बृजेश गौतम कार्यक्रम के संयोजक अजय शुक्ला जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी जितेंद्र सोनी तथा जिले सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जन जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चौधरी के द्वारा किया गया उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई ।